हिन्दी सान्ध्य दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 01 अंक–255 : जौनपुर, शुक्रवार 16 जून 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सिरसा से भाजपा के मिशन 2024 का शंखनाद करेंगे अमित शाह, इससे पहले आप-किसान नेता व सरपंचों को प्रशासन ने क्यों थमाया नोटिस?

**एजेंसी**

नई दिल्ली। शाह का दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब किसान कई मुद्दों पर सरकार के खिलाफ उठ खड़े हैं और इस सप्ताह के शुरू में सरकार को एक आंदोलन के बाद सूरजमुखी के बीजों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की अपनी मांग को मानने के लिए मजबूर होना पड़ा।18 जून को एक वीवीआईपी कार्यक्रम का हवाला देते हुए हरियाणा के सिरसा में जिला पुलिस ने 130 लोगों को नोटिस जारी किया है, जिसमें उन्हें बांड भरने के लिए कहा गया है कि वे शांति बनाए रखेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह उस दिन सिरसा में एक रैली कर रहे हैं, जहां उनके 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी के अभियान



की शुरुआत करने की भी उम्मीद है। जिन लोगों को नोटिस दिया गया है उनमें सरपंच, किसान संघ के कार्यकर्ता और आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के स्थानीय नेता शामिल हैं।शाह का दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब किसान कई मुद्दों पर सरकार के खिलाफ उठ खड़े हैं और इस सप्ताह के शुरू में सरकार को एक आंदोलन के बाद सूरजमुखी के बीजों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की अपनी मांग को मानने के लिए मजबूर होना पड़ा। हरियाणा सरपंच एसोसिएशन के प्रमुख रणबीर सिंह समैन ने भी 8 जून को घोषणा की थी कि उनकी यूनियन ई–टेंडरिंग प्रक्रिया को खत्म करने और पंचायती राज अधिनियम के सभी प्रावधानों को बहाल करने की मांग को लेकर शाह की रैली के दौरान विरोध प्रदर्शन करेगी।पिछले महीने, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के जनसंवाद कार्यक्रम में कई व्यवधान देखे गए। सिरसा के बानी गांव की सरपंच नैना झोरार ने अपना दुपट्टा खट्टर के चरणों में फेंक दिया, क्योंकि उन्हें खट्टर के सामने अपनी मांगों को रखने की अनुमति नहीं थी। एक अन्य अवसर पर, डोगडा अहीर के ग्रामीणों ने सिहमा गाँव को अपने गाँव के बजाय उप–तहसील का दर्जा देने के खिलाफ खट्टर के घर के बाहर धरना दिया।

### सुकांता मजूमदार ने अमित शाह को लिखा पत्र, सुरक्षा स्थिति में तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया

नई दिल्ली। पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने जा रहे तृणमूल कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच हुई झड़प में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। नामांकन के आखिरी दिन दक्षिण 24 परगना जिले के भांगर और बीरभूम जिले के सैठिया से भी हिंसा की घटनाएं हुईं।पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांता मजूमदार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनावों की सुरक्षा स्थिति में तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने जा रहे तृणमूल कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच हुई झड़प में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। नामांकन के आखिरी दिन दक्षिण 24 परगना जिले के भांगर और बीरभूम जिले के सैठिया से भी हिंसा की घटनाएं हुईं।विडंबना यह है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि बंगाल मेंपंचायत चुनाव नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण है।

## बेंगलुरु की अदालत ने सिद्धारमैया के खिलाफ मानहानि का मामला खारिज किया

**एजेंसी**

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता के बयान ने इस बात पर भी सवाल खड़ा कर दिया कि क्या उन्होंने इसे किसी एक व्यक्ति या पूरे लिंगायत समुदाय के खिलाफ बनाया था।कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ हाल ही में राज्य विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए एक बयान को लेकर दायर मानहानि के मुकदमे को बेंगलुरु की एक एमपीध्एमएलए अदालत ने खारिज कर दिया है। कांग्रेस नेता के बयान ने इस बात पर भी सवाल खड़ा कर दिया कि क्या उन्होंने इसे किसी एक व्यक्ति या पूरे लिंगायत समुदाय के खिलाफ बनाया था। लिंगायत समुदाय के दो सदस्यों द्वारा आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 200 के तहत एक निजी शिकायत के रूप में शिकायत दर्ज की गई थी। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस सत्ता में आने पर किसी लिंगायत मुख्यमंत्री को चुनेगी, सिद्धारमैया ने कथित तौर पर कहा था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज



बोम्मई एक लिंगायत थे जो भ्रष्टाचार में लिप्त थे।शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सिद्धारमैया के बयान से यह कहा जाएगा कि राज्य के लिंगायत मुख्यमंत्री भ्रष्ट थे। उन्होंने दावा किया कि बयान का उद्देश्य लिंगायत समुदाय की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना था। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति प्रीति जे ने की। वीडियो देखने के बाद, न्यायाधीश ने कहा कि यह बहुत स्पष्ट रूप से दिखाता है कि बयान पूरे लिंगायत समुदाय के संबंध में नहीं, बल्कि केवल मुख्यमंत्री के संबंध में दिया गया है। जो बयान की तिथि के अनुसार मुख्यमंत्री का पद संभाल रहे थे।

## केंद्रीय मंत्री शेखावत ने भ्रष्टाचार के आरोपों पर गहलोत को खुली बहस की चुनौती दी

जयपुर। शेखावत ने मीडिया से कहा कि मुख्यमंत्री 2019 के लोकसभा चुनाव में अपने बेटे वैभव गहलोत की हार के कारण उन पर



आरोप लगाते हैं। केंद्रीय मंत्री ने जोधपुर लोकसभा सीट पर वैभव को हराया था। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने संजीवनी क्रेडिट को–ऑपरेटिव सोसायटी घोटाला मामले में उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को खुली बहस करने की चुनौती दी है। गहलोत द्वारा लगाए गए आरोपों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बृहस्पतिवार को पोकरण में मीडिया से कहा, आज चुनौती देकर यहां से कहता हूं, वो और उनके वकील हिंदुस्तान के किसी भी मंच पर खड़े हो जाएं और वहां खड़े होकर मेरे सामने इस पर बहस करें। वकीलों को लेकर बहस करें, मुझे किस तरह से दोषी ठहरा रहे हैं?उल्लेखनीय है कि गहलोत ने जोधपुर से सांसद शेखावत पर बार बार इस घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया है जिसमें बड़ी संख्या में निवेशकों को करोड़ों रुपये का चूना लगा। शेखावत ने उन्हें क्रेडिट सोसाइटी से जोड़ने के आरोपों को खारिज करते हुए गहलोत के खिलाफ दिल्ली की एक अदालत में मानहानि का मुकदमा भी दायर किया है। शेखावत ने मीडिया से कहा कि मुख्यमंत्री 2019 के लोकसभा चुनाव में अपने बेटे वैभव गहलोत की हार के कारण उन पर आरोप लगाते हैं। केंद्रीय मंत्री ने जोधपुर लोकसभा सीट पर वैभव को हराया था। जोधपुर गहलोत का गृहनगर भी है।भाजपा नेता ने यह भी कहा कि वह भाजपा के राज्यसभा सदस्य्य किरोड़ी लाल मीणा द्वारा गहलोत और उनके बेटे के खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को साबित करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया, वे करोड़ों रुपए के कालेधन को सफेद करने का काम करते हैं। गहलोत की ओर से इस आरोप पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। शेखावत ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को लेकर देश के हितों को सर्वोपरि मानते हुए, राष्ट्र हितों से समझौता किए हुए बिना, भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर चलते हुए, जिस तरह से काम किया गया, उसका परिणाम है कि आज व्यवस्था पर लोगों का विश्वास पुनरू स्थापित हुआ है।

### आप कार्यकर्ता चक्रवात बिपारजॉय से प्रभावित लोगों की मदद करें : केजरीवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, चक्रवात से बहुत नुकसान हुआ है। मेरी सभी आप कार्यकर्ताओं से अपील है कि वे तन, मन, धन से राहत कार्यों में लग जायें और लोगों की खूब मदद करें। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं से चक्रवात बिपारजॉय से प्रभावित लोगों की मदद करने की अपील की। अधिकारियों ने बताया कि चक्रवात बिपारजॉय गुजरात के कच्छ और सौराष्ट्र के कुछ हिस्सों से गुजरा, जिससे तेज हवाओं और बारिश ने वहां भारी तबाही मचायी। एक अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम साढ़े छह बजे चक्रवात ने जखौ बंदरगाह के पास दस्तक दी, जिसके बाद पूरे कच्छ जिले में भारी बारिश हुई और यह तड़के ढाई बजे तक जारी रही।दिल्ली के मुख्यमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, चक्रवात से बहुत नुकध्सान हुआ है। मेरी सभी आप कार्यकर्ताओं से अपील है कि वे तन, मन, धन से राहत कार्यों में लग जायें और लोगों की खूब मदद करें। उन्होंने मणिपुर के हालात पर भी चिंता जताई। केजरीवाल ने ट्वीट किया, मणिपुर की स्थिति पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। शांति बहाल करने के लिए बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है।

## जीतन राम मांझी महागठबंधन सहयोगियों की 'जासूसी' कर रहे थे : नीतीश कुमार

**एजेंसी**

पटना। नीतीश कुमार ने स्वीकार किया कि पूर्व मुख्यमंत्री मांझी 23 जून को होने वाली विपक्षी दलों की बैठक का हिस्सा बनना चाहते थे, लेकिन उन्हें (नीतीश को) डर था कि उनके (मांझी) द्वारा बैठक का विवरण भाजपा को लीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा, वह (मांझी) भाजपा नेताओं के लगातार संपर्क में थे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) पार्टी के संस्थापक जीतन राम मांझी पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लाभ पहुंचाने के लिये महागठबंधन के सहयोगियों की जासूसी करने का आरोप लगाया और दावा किया कि महागठबंधन से उनका बाहर निकलना अच्छी बात है। नीतीश कुमार ने स्वीकार किया कि पूर्व मुख्यमंत्री मांझी 23 जून को होने वाली विपक्षी दलों की बैठक का हिस्सा बनना चाहते थे, लेकिन उन्हें (नीतीश को) डर था कि उनके (मांझी) द्वारा बैठक का विवरण भाजपा को लीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा, वह (मांझी) भाजपा नेताओं के लगातार संपर्क में थे। उन्होंने हाल ही में कई भाजपा नेताओं से मुलाकात की थी। वह 23 जून को विपक्षी नेताओं की बैठक का हिस्सा बनना



चाहते थे, लेकिन मुझे आशंका थी कि वह उन मुद्दोंध्मामलों को लीक कर सकते हैं जिन पर 23 जून को चर्चा की जाएगी। सोनबरसा विधानसभा सीट से जनता दल (यूनाइटेड) के विधायक रत्नेश सदा के राज्य मंत्रिमंडल में शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, इसलिए, मैंने उनसे हम (सेक्यूलर) का जद (यूनाइटेड) में विलय करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वह ऐसा नहीं कर सकते, इस पर, मैंने उनसे महागठबंधन छोड़ने के लिए कहा।यह अच्छा है कि वह महागठबंधन छोड़कर चले गए। सोनबरसा विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रहे रत्नेश सदा मुसहर जाति से हैं, उन्हें राजभवन में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाई। जीतन राम मांझी के पुत्र संतोष मांझी ने हाल ही में राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा देते हुए कहा था, नीतीश कुमार की जद (यू) द्वारा हम (सेक्यूलर) का उसके जद (यू) में विलय करने का प्रस्ताव देने के बाद मैंने पार्टी को बचाने के लिये मंत्री पद छोड़ दिया।कुमार ने कहा, हमारी पार्टी ने मांझी को बहुत कुछ दिया है। उनकी पार्टी को जद (यू) के कोटे से राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री पद दिया गया था। इन सबके बावजूद... वह भाजपा नेताओं के संपर्क में थे। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव समय से पहले होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, इस बात की प्रबल संभावना है कि आम चुनाव अगले साल ना हों। ये पहले भी हो सकते हैं। इसलिए सभी विपक्षी दलों को आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने के लिए एक साथ आना चाहिए। हमें 23 जून की बैठक के बाद तैयारी शुरू करनी चाहिए।

## चिंगारी का खेल बुरा होता है, बीजेपी का आरोप- बंगाल में खत्म हो चुका लोकतंत्र, संगीत की जगह धमाके सुनाई दे रहे हैं

**एजेंसी**

नई दिल्ली। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनावों में जिस प्रकार के दृश्य दिखाई दे रहे हैं, हिंसा का जो तांडव दिखाई पड़ रहा है... यह कष्टकारक है। उन्होंने कहा कि इस से भी अधिक दुखद है, वहां की सरकार की असंवेदनशीलता। हमारे कार्यकर्ताओं पर प्राणघातक हमले हुए हैं।पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक बवाल लगातार जारी है। विपक्षी दलों का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस और उसके समर्थक लगातार हिंसा कर रही है। विरोधी दलों को निशाना बना रही है। हालांकि, ममता बनर्जी की ओर से इसे खारिज कर दिया गया जबकि भाजपा ने आज साफ तौर पर कहा है कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र खत्म हो चुका है। अब वहां संगीत के बदले धमाके सुनाई देते हैं। भाजपा की ओर से संवाददाता सम्मेलन करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता सुधांशु त्रिवेदी ने किया।सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनावों में जिस प्रकार के दृश्य दिखाई दे रहे हैं, हिंसा का जो तांडव दिखाई पड़ रहा है... यह कष्टकारक है। उन्होंने कहा कि इस से भी अधिक दुखद है, वहां की सरकार की असंवेदनशीलता। हमारे कार्यकर्ताओं पर प्राणघातक हमले हुए हैं। भाजपा नेता ने कहा



कि पश्चिम बंगाल की सरकार और पुलिस जिस प्रकार से बर्ताव कर रही है वो भारत के लोकतांत्रिक और चुनावी इतिहास में एक बहुत ही काला अध्याय है। उन्होंने कहा कि बंगाल में 341 ब्लॉक हैं। आखिरी दिन यहां, 4 घंटे के अंदर 40 हजार से अधिक लोगों ने नामांकन किया है, वो भी 340 ब्लॉक में... यानी एक व्यक्ति के नामांकन का समय औसतन 2 मिनट आता है। इस गति से हुए नामांकन दर्शाते हैं कि स्थानीय सरकार किस तरह से व्यवस्था को अपने हाथ में लिए हुए है। क्या यह लोकतंत्र का उपहास नहीं है? उन्होंने कहा कि रवींद्र संगीत की भूमि में अब बम धमाकों की आवाज सुनाई दे रही है। जिस तरह से राज्य सरकार और पुलिस काम कर रही है वह भारत में लोकतंत्र और चुनाव के इतिहास में एक काला अध्याय है।भाजपा के राज्यसभा सांसद ने कहा कि मैं ज्ड़ब को यह कहना चाहता हूं कि यह हिंसा का जो खेल आप खेल रहे हैं, ऐसा ही कम्युनिस्ट सरकार करती थी... आज आप उनका हाल देख लीजिए। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की लिखी पंक्तियां हैं कि – चिंगारी का खेल बुरा होता है, औरों के घर में आग लगाने का सपना... अपने घर में ही अक्सर खरा होता है। इससे पहले कलकत्ता हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश खंडपीठ ने 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव के लिए राज्य के सभी जिलों में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के लिए आदेश दिए थे।

## हमारी विभिन्न योजनाओं की वजह से आज पूरे देश में राजस्थान की चर्चा है : गहलोत

**एजेंसी**

जयपुर। गहलोत ने यहां मीडिया से बातचीत में अपनी सरकार के महंगाई राहत शिविरों का जिक्र किया। उन्होंने कहा,''इन शिविरों में सात करोड़ गारंटी कार्ड बंट चुके हैं, 1.60 करोड़ घर में हम लगभग पहुंच चुके हैं. इतना बड़ा अभियान चल रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के चलते आज पूरे देश में राजस्थान की चर्चा है। उन्होंने कहा कि लंपी रोग से दुधारू गायों की मौत पर 40–40 हजार रुपये का मुआवजा देने वाला राजस्थान पहला राज्य बन गया है। गहलोत ने यहां मीडिया से बातचीत में अपनी सरकार के महंगाई राहत शिविरों का जिक्र किया। उन्होंने कहा,''इन शिविरों में सात करोड़ गारंटी कार्ड बंट चुके हैं, 1.60 करोड़ घर में हम लगभग पहुंच चुके हैं. इतना बड़ा अभियान चल रहा है। पूरे देश में चर्चा किसी राज्य की है तो उस राज्य का नाम राजस्थान है।फिर चाहे 25 लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा की



बात हो या पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की चर्चा हो। और भी कई योजनाएं हैं आठ–दस योजनाएं ऐसी हैं जो सिर्फ राजस्थान में शुरू हुई हैं।'' उन्होंने कहा,''(राजस्थान) पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। अब कई राज्यों में बनने वाले चुनावी घोषणा पत्रों का आधार राजस्थान की योजनाएं ही हैं।'' इससे पहले गहलोत ने राजस्थान किसान महोत्सव को संबोधित किया और उन 41 हजार से अधिक किसानोंध्पशुपालकों के खातों में 175 करोड़ रुपये से अधिक की प्रत्यक्ष राशि अंतरित (डीबीटी) की जिनकी दुधारू गायों की मौत गांठदार लंपी रोग से हो गई।उन्होंने दावा किया कि राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया है जिसने लंपी रोग से मरने वाली दुधारू गायों के मुआवजे के रूप में पशुपालकों को 40–40 रुपये डीबीटी किए हैं। गहलोत ने कहा,'' हमने बजट में घोषणा की थी कि लंपी से जिन पशुपालकों की दुधारू गाय मर गई हैं उन्हें हम 40–40 हजार रुपये प्रति गाय की दर से सहायता देंगे। अब हमने आगे के लिए बीमा कर दिया है, कामधेनु योजना के तहत हर परिवार में दो पशुओं (गाय हो या भैंस) 40–40 हजार रुपये का बीमा करवाया जाएगा। यह बीमा सरकार कराएगी ताकि पशुपालकों का विश्वास पशुपालन में बना रहे।''मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि के अलावा पशुपालन भी रोजगार का बड़ा साधन होता है। किसानों के साथ साथ सरकार पशुपालकों को भी पूरी तवज्जो दे रही है। उन्होंने कहा कि हम पशुपालकों को अब हम दूध पर पांच रुपये प्रति लीटर बोनस दे रहे हैं। गहलोत ने दावा किया कि राजस्थान आज देश में दुग्ध संग्रहण में देश में 'नंबर वन' हो गया है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बड़ी बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान कृषि व पशुपालन सहित कई क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है।

## सेंथिल बालाजी सच न बता दें, स्टालिन को सता रहा डर

नई दिल्ली। पूर्व सीएम एडप्पादी पलानीस्वामी ने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का चेन्नई के अस्पताल का दौरा प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी के बाद मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जांच के लिए श्डरश के कारण था। पलानीस्वामी ने दावा किया कि स्टालिन को डर है कि बालाजी सूचना प्रदान कर सकते हैं जो द्रविड़ मुनेत्र कड़गम नेता के राजनीतिक करियर को नुकसान पहुंचा सकता है।पूर्व सीएम पलानीस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्टालिन ने सेंथिल बालाजी से अस्पताल में मुलाकात की क्योंकि उन्हें डर था कि वह प्रवर्तन विभाग को कुछ जानकारी प्रकट कर सकते हैं। इससे न सिर्फ सीएम बल्कि उनके मंत्री भी दहशत में हैं।अगर बालाजी सच बताते हैं तो स्टालिन का राजनीतिक करियर प्रभावित होगा।

## कर्नाटक के बहाने फडणवीस का उद्धव ठाकरे पर तंज

**एजेंसी**

नई दिल्ली। फडणवीस ने कहा कि कांग्रेस सावरकर और हेडगेवार को पाठ्यपुस्तकों से हटा सकती है लेकिन लोगों के दिलो–दिमाग से नहीं। महाराष्ट्र में विपक्ष कर्नाटक मॉडल को दोहराना चाहता है। मैं उद्धव ठाकरे से पूछना चाहता हूं कि इस मुद्दे पर उनका क्या स्टैंड है? स्कूली पाठ्यक्रम से वीर सावरकर और केबी हेगड़ेवार पर अध्यायों को हटाने का हवाला देते हुए, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने पूर्व सहयोगी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना पर तंज कसा है।

## सम्पादकीय

# मध्य प्रदेश में कांग्रेस के सभी दाव

कांग्रेस पार्टी ने मध्य प्रदेश में कर्नाटक की तर्ज पर गारंटियां देनी शुरू की है। सरकार बनने पर खजाना खोलने का ऐलान किया है। पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाएगी हालांकि कर्नाटक में इसकी घोषणा नहीं हुई थी। मुफ्त की बिजली, महिलाओं को नकदी, किसानों की कर्जमाफी, पांच सौ रुपए में रसोई गैस सिलिंडर आदि देने की घोषणा हो गई है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने जबलपुर में कांग्रेस के चुनाव अभियान का आगाज करते हुए कहा कि ये कांग्रेस का वादा है और कांग्रेस अपना वादा लागू करती है। उन्होंने राज्य के लोगों को अगले चार पांच महीने कांग्रेस की दूसरे राज्यों की सरकारों पर नजर रखने को भी कहा।इस आधार पर कह सकते हैं कि कांग्रेस पार्टी मध्य प्रदेश में कर्नाटक मॉडल पर चुनाव लड़ रही है। लेकिन मुफ्त की घोषणाओं के अलावा मध्य प्रदेश का चुनाव कर्नाटक से पूरी तरह से अलग मॉडल पर लड़ा जा रहा है। दोनों चुनावों का सबसे बुनियादी फर्क यह है कि कर्नाटक में कांग्रेस धर्मनिरपेक्षता के मुद्दे पर लड़ी थी, जबकि मध्य प्रदेश में हिंदुत्व के मुद्दे पर लड़ रही है। कर्नाटक में कांग्रेस पूरी तरह से भाजपा का कंट्रास्ट दिख रही थी, जबकि मध्य प्रदेश में वह भाजपा की फोटोकॉपी बन रही है। कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव में खुल कर अपने को मुसलमानों के साथ दिखाया था और कहा था कि सरकार बनने पर वह मुसलमानों का चार फीसदी आरक्षण बहाल करेगी। इतना ही नहीं बजरंग दल पर पाबंदी लगाने का वादा भी किया था।

इसके उलट मध्य प्रदेश बजरंग सेना कांग्रेस का साथ दे रही है। पिछले दिनों बजरंग सेना के नेता कमलनाथ से मिले और उनको हनुमानजी की गदा भेंट की। कर्नाटक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंच से जय बजरंग बली के नारे लगा रहे थे और मध्य प्रदेश में कमलनाथ बजरंग बली के नारे लगा रहे हैं। जबलपुर में प्रियंका गांधी की सभा के लिए जो पंडाल बनाया गया था, उसके ऊपर एक विशाल गदा स्थापित की गई थी। प्रियंका ने दर्जनों पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच मां नर्मदा की पूजा अर्चना की और उसके बाद जनसभा के लिए गईं।

दोनों राज्यों का एक फर्क यह भी है कि कर्नाटक में कांग्रेस अघोषित रूप से सिद्धरमैया के चेहरे पर लड़ रही थी, जो कि घोषित रूप से नास्तिक हैं। अपने पूरे चुनाव प्रचार में वे किसी मंदिर या मस्जिद में नहीं गए। इसके उलट मध्य प्रदेश में कांग्रेस कमलनाथ के चेहरे पर लड़ रही है, जो चुनाव से पहले मंदिर मंदिर घूम रहे हैं और अपने को शिवराज सिंह चौहान से ज्यादा आस्थावान हिंदू साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। वैसे मध्य प्रदेश में कांग्रेस जो कर रही है वह कोई नई चीज नहीं है। 2002 के गुजरात दंगों और वहां के विधानसभा चुनाव के एक साल बाद जब मध्य प्रदेश का विधानसभा चुनाव हुआ था तब भी कई नेता नरम हिंदुत्व के रास्ते चल रहे थे। तब से लेकर आज तक कांग्रेस वही राजनीति करती और हारती आ रही है। 15 साल के बाद 2018 में वह जरूर जीती लेकिन भाजपा से उसको सिर्फ नौ सीटें ज्यादा मिली थीं और यही कारण था कि डेढ़ साल से कम समय में ही कांग्रेस ने सत्ता गंवा दी थी।

# ट्रंप का इतावली पितामह!

श्रुति व्यास

इटली राष्ट्रीय शोक में है। दूसरे महायुद्ध बाद सर्वाधिक लंबे समय प्रधानमंत्री रहे बर्लुस्कोनी की मृत्यु के गम में। वे 86 वर्ष के थे। एक मायने में बर्लुस्कोनी पश्चिमी सभ्यता के पहले डोनाल्ड ट्रंप। ट्रंप और बारिस जानसन उनके मानों वारिस, छोटे संस्करण! इटली की मौजूदा प्रधानमंत्री उनकी मुरीद रही है। वे एक ऐसी विरासत छोड़ गए हैं जिससे आधे इतावली उन्हे श्रद्धा से देखाते है वही विरोधी नफरत करते हुए। उनकी लीडरशीप मजबूत और निर्णायक व्यक्तित्व वाली थी। वे अरबपति थे। पैसे की ताकत से राजनीति पर कब्जा बनाया। उनका सबसे बडा मीडिया हाऊस तो एक फुटबाल क्लब के मालिक भी। सत्ता और पैसे से बर्लुस्कोनीने जितनी रंगीनियों, जैसी बेधड़की, बेशर्मी से जिंदगी जी वैसी पश्चिम में शायद ही किसी दूसरे प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति ने जी हो। वे चार बार प्रधानमंत्री बने और सेक्स स्कैंडलों और भ्रष्टाचार के मामलों से लगातार घिरे रहे।लेकिन उन्होंने राजनीति कभी नहीं छोड़ी। इटली की अलग पहचान बनाई। पूरी दुनिया में उनका नाम मौज–मस्ती की बुंगाबुंगा पार्टियों से हुआ।इसलिए सिल्वियो बर्लुस्कोनी की कहानी बहुत दिलचस्प है। उन्होने एक रंगीन और भड़कीला परंपरागत इटेलियन जीवन जीया, जिससे इटली की जनता से उनकी केमेस्ट्री बनी। वे शुरूआत से राजनीतिज्ञ नहीं थे। वे एक क्रूज शिप गायक थे। उन्होंने अपना करियर वैक्यूम क्लीनर के बतौर सेल्समैन शुरू किया था। आगे चलकर उन्होंने अपना विशाल व्यावसायिक साम्राज्य खड़ा किया।इसमें प्रापर्टी, मीडिया और फुटबाल शामिल थे। बर्लुस्कोनी, जिन्हें कैवालियेरे (नाईट) कहा जाता था, का राजनीति में आना सन् 1994 में हुआ जब वे पहली बार एक आम चुनाव में जीते।चुनाव से तीन महिने पहले ही बर्लुस्कोनी ने फोजर्घ इटेलिया पार्टी बनाई थी। उन्होंने अपने मीडिया संस्थानों का चतुराई से उपयोग करके लोकलुभावन मुद्दे उठाए। उस दौर में भ्रष्टाचार से देश में निराश माहौल था। यह कहना ही होगा कि किस्मत ने हमेशा उनका साथ दिया। उन्हें बुलंद मुकद्दर वाला व्यक्ति माना जाता था, जिसमें जबरदस्त ऊर्जा थी। वे एक काबिल सेल्समैन थे जिसमें अपनी बात मनवाने की प्रतिभा थी। उनमें अनंत आत्मविश्वास था। वे राह में रोड़ा बनने वाले कानूनों को ठेंगा दिखाते थे। उन्होंने अपनी जीवनी के एक अमेरिकी लेखक से कहा था, वे लोगों को अपना बनाना और उनका नेतृत्व करना जानते थे। कहा, ष्मैं जानता हूं कि जनता का प्यार कैसे हासिल किया जा सकता हैष।जब वे प्रधानमंत्री बने तो उससे एक साल पहले, सन् 1993 में इटली के युवाओं के बीच हुए एक जनमत संग्रह का नतीजा था कि युवा उन्हें जीसस से भी अधिक प्यार करते थे!बर्लुस्कोनी किसी विचारधारा से बंधे हुए नहीं थे। हम उन्हें आज जनलुभावक पोपुलिस्ट नेता कह सकते हैं। वे बुद्धि और वाकपटुता से लोगों का आकर्षित करते थे, जिसमें एक शविचारधाराश शामिल थी जो जुमलेबाजी और लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े मुद्दों पर जोर देने से हिट थी। वे वोटरों से शिकायत करते थे कि वे उनकी निस्वार्थता की प्रशंसा नहीं करते! वे उन्हें याद दिलाते थे कि उनके दुनियाभर में 20 से ज्यादा मकान हैं लेकिन उनकी सुख–सुविधाओं का आनंद लेने के बजाए वे दिन–रात अपने देश के अहसानफरामोश नागरिकों की सेवा कर रहे हैं! यह थीम आज की राजनीति में भी तो आम है।बर्लुस्कोनी के कारण इटली में काफी बदलाव आए। राजनीति, खेल और संस्कृति में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और इटली व इतावलियो की इमेज बदली। उनके प्रशंसक उन्हें चाहते थे, उन्हें पूजते थे और अभी उनकी मृत्यु का शोक मना रहे हैं। उनके मुरीद जो बरसों तक गाते थे ष्थैंक्स गुडनेस, देयर इज सिल्वियोष वे मानते हैं कि बर्लुस्कोनीकुदरत का करिश्मा थे, जिन्होंने इटली की राजनीति को आधुनिक बनाया, लोकतंत्र को परिपक्व किया और सरकार पर अत्यधिक निर्भर लडखड़ाती अर्थव्यवस्था में पूंजीवादी जोश और उत्साह का संचार किया। प्रधानमंत्री जिर्योजिया मेलोनी ने अपने गठबंधन साथीबर्लुस्कोनी के बारे में वक्तव्य दिया है कि, श्गुडबाय सिल्वियोश्। उन्हें श्इटली के इतिहास के सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एकष बताया।उनकी राजनीति और उनकी जीवनशैली की निंदा करने के बावजूद उनके आलोचक भी मानते है कि सिल्वियो बर्लुस्कोनी एक सुधारक थे। अच्छा या बुरा, जो भी था, वे अपने काम में माहिर थे।अतिराष्ट्रवादी और शानदार व्यक्तित्व वाले बर्लुस्कोनी स्वयं को अत्यंत महान मानते थे। ऐसा लगता है कि इटली के अधिकतर लोगों की तरह वे भी यह मानते थे कि वे अमर हैं। हाल में उन्होंने अपनी श्जैविक आयुष 50 वर्ष के आसपास बताई थी ।

# लोकसभा चुनाव की इस साल रिहर्सल!

**राजस्थान में पांच सौ रुपए में रसोई गैस के सिलिंडर मिलने लगे हैं और हिमाचल की तरह मध्य प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाल करने की घोषणा कांग्रेस ने कर दी है। भाजपा भी पीछे नहीं है लेकिन चूंकि प्रधानमंत्री मोदी ने मुफ्त की रेवड़ी को राज्य के लिए नुकसानदेह बताया है इसलिए भाजपा को यह काम ढके छिपे करना पड़ रहा है।**

अजीत द्विवेदी

इस साल के अंत में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को राजनीतिक विश्लेषक अगले साल के लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल बता रहे हैं। एक तो यह सेमीफाइनल का जुमला राजनीति और चुनाव के संदर्भ में बंद होना चाहिए। राजनीति में सेमीफाइनल जैसी कोई चीज हो ही नहीं सकती है। खेलों में सेमीफाइल होते हैं, जिसमें हारने वाली टीम या खिलाड़ी बाहर हो जाते हैं। वे फाइनल नहीं खेल पाते हैं, जबकि राजनीति में ऐसा नहीं होता है। राजनीति में, जिसे सेमीफाइनल कहा जाता है, उसमें हारने वाला फाइनल भी खेलता है और कई बार जीत भी जाता है, जैसे पांच साल पहले उन्हीं राज्यों में हुआ था, जिन राज्यों में इस साल के अंत में चुनाव हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में तेलंगाना, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम पांचों राज्यों में भाजपा बुरी तरह से हारी थी। लेकिन छह महीने के बाद ही लोकसभा चुनाव में उसने तेलंगाना में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में जीतने वाली कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया। इसलिए नवंबर–दिसंबर में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को सेमीफाइनल जैसा कुछ कहने या उस नजरिए से देखने की जरूरत नहीं है। इसकी बजाय इन चुनावों को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के रिहर्सल की तरह देख सकते हैं। जिस तरह 26 जनवरी को राजपथ पर होने वाली परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल 23 जनवरी को होती है। उसी तरह अप्रैल–मई में होने वाले लोकसभा चुनाव की फुल ड्रेस रिहर्सल इस साल के अंत में पांच राज्यों में होगी। ये पांच राज्य मोटे तौर पर उत्तर–दक्षिण और पूरब–पश्चिम चारों दिशाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि इन राज्यों के चुनाव नतीजों से कुछ भी साबित नहीं होगा और न आगे का कोई संकेत मिलेगा। विधानसभा चुनावों के नतीजों से बिल्कुल उलट लोकसभा चुनाव का नतीजा हो सकता है। इसके बावजूद ये चुनाव इसलिए अहम हैं क्योंकि इसमें भाजपा और कांग्रेस दोनों के संगठन, चुनाव की तैयारियों, चुनावी मुद्दों आदि का पता चलेगा। वैसे तो भाजपा और कांग्रेस के बीच अभी बहुत फासला है। कांग्रेस के 52 लोकसभा सांसदों के मुकाबले भाजपा के 303 सांसद हैं और कांग्रेस के चार मुख्यमंत्रियों के मुकाबले भाजपा के अपने 10 मुख्यमंत्री हैं और छह मुख्यमंत्री सहयोगी पार्टियों के हैं। इसके बावजूद कर्नाटक विधानसभा के चुनाव नतीजों ने संतुलन बना दिया है। पिछले छह–सात महीने में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा सिर्फ गुजरात में जीती, जबकि हिमाचल और कर्नाटक में कांग्रेस जीत गई। इसलिए कहा जा सकता है कि मोमेंटम कांग्रेस के साथ हो गया। भाजपा से कमजोर होने के बावजूद कांग्रेस ने अपने को बराबरी की लड़ाई में खड़ा कर लिया है। तभी भाजपा की कोशिश होगी कि लोकसभा चुनाव से पहले वह मोमेंटम अपनी तरफ शिफ्ट करे। इन चुनावों में के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति और अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की भविष्य की राजनीति की झलक भी मिलेगी। खासतौर से केजरीवाल की राजनीति दिलचस्प होगी क्योंकि वे कांग्रेस के असर वाले तीनों राज्यों– राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पूरा जोर लगा कर लड़ेंगे ताकि कांग्रेस को कमजोर कर सकें और अपनी जगह बना सकें।

भाजपा का इन सभी राज्यों में बहुत मजबूत संगठन है और दूसरी ओर कर्नाटक की जीत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी जोश लौटा है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है और मध्य प्रदेश में भी उसने मजबूती से चुनाव लडने के लिए संसाधन जुटाए हैं। चुनाव वाले सभी राज्यों में कांग्रेस के पास मजबूत नेता हैं। सो, कह सकते हैं कि नेतृत्व, संगठन और संसाधन इन तीनों पैमानों पर कांग्रेस कमजोर नहीं पडने वाली है। इस तरह कम से कम तीन राज्यों में दोनों पार्टियों के बीच बराबरी का मुकाबला होना है। जो बेहतर उम्मीदवार चुनेगा, बेहतर रणनीति बनाएगा, बेहतर प्रचार करेगा और बेहतर प्रबंधन करेगा वह जीतेगा और जो जीतेगा उसके साथ मोमेंटम होगा। चुनाव वाले पांच राज्यों में विधानसभा की 679 सीटें हैं और 83 लोकसभा सीटें इन राज्यों में आती हैं। इन 83 में से 65 सीटें भाजपा के पास हैं और राजस्थान में एक सीट उसकी सहयोगी पार्टी ने जीती थी। विधानसभा चुनाव में जीत हार से लोकसभा के नतीजे तय नहीं होंगे इसके बावजूद विधानसभा के नतीजे इसलिए अहम होंगे क्योंकि इनसे तय होगा कि लोकसभा चुनाव किस पार्टी को कैसे लडना है।

संगठन की ताकत, नेतृत्व और संसाधन के साथ साथ इन पांच राज्यों में चुनावी एजेंडे की परीक्षा होनी है। कांग्रेस और भाजपा ने कर्नाटक में जो दांव आजमाए थे वो अखिल भारतीय स्तर पर कितने कारगर हो सकते हैं, उसका पता इन चुनावों से चलेगा। भाजपा ने स्थानीय नेतृत्व को दरकिनार कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ा था और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने का भरपूर प्रयास किया था। यानी मोदी का चेहरा और हिंदुत्व का मुद्दा। इस साल के राज्यों के चुनावों में भी भाजपा इसी रास्ते पर चलेगी। दूसरी ओर कांग्रेस ने कर्नाटक में स्थानीय चेहरों को आगे किया था, सामाजिक संतुलन बनाया था और धर्मनिरपेक्षता का रास्ता पकड़ा था। कांग्रेस ने खुल कर कहा था कि नफरत फैलाने वाले सभी संगठनों पर पाबंदी लगाएंगे चाहे वह पीएफआई हो या बजरंग दल हो। कांग्रेस ने दो टूक अंदाज में कहा था कि वह सत्ता में आई तो मुसलमानों को मिला चार फीसदी का आरक्षण बहाल करेगी। इसका नतीजा यह हुआ था कि जेडीएस को छोड़ कर मुस्लिम पूरी तरह से कांग्रेस के साथ एकजुट हुआ। भाजपा और कांग्रेस के बीच सात फीसदी वोट का अंतर यही से पैदा हुआ। कांग्रेस ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में धर्मनिरपेक्षता का कर्नाटक वाला रास्ता नहीं अपनाया है क्योंकि इन राज्यों में भाजपा और कांग्रेस का सीधा मुकाबला है। इन राज्यों में कोई तीसरी ताकत नहीं है, जिसकी ओर मुस्लिम वोट जाने का खतरा हो। इसलिए मुस्लिम को फॉर गारंटेड मान कर कांग्रेस नरम हिंदुत्व के रास्ते पर चल रही है। तेलंगाना में उसकी राजनीति कर्नाटक जैसी होगी।

राष्ट्रीय बनाम स्थानीय नेतृत्व और हिंदुत्व बनाम धर्मनिरपेक्षता के अलावा तीसरा मुद्दा श्मुफ्त की रेवड़ीश् का है। इन राज्यों के चुनाव में इस मुद्दे की वोट जिताने की क्षमता की परीक्षा होनी है। कांग्रेस ने कर्नाटक की तर्ज पर चुनावी राज्यों में मुफ्त की चीजें और सेवाएं बांटने का ऐलान शुरू कर दिया है। अगर यह मुद्दा कांग्रेस को फायदा पहुंचाता है तो राष्ट्रीय चुनाव में भाजपा लोक लिहाज छोड़ कर इसी रास्ते पर लौटेगी।

# लोकसभा चुनावों की आहट, चुनावी रथ में सवार दलों की सत्ताकांक्षा

ललित गर्ग

विपक्षी दल येन–केन–प्रकारेण भाजपा को सत्ता से बाहर करने में जुटे हैं, इसके लिये विपक्षी दलों में एकजुटता के प्रयास हो रहे हैं। भाजपा एवं उसके सहयोगी दल भी अपनी स्थिति को मजबूती देते हुए पुनः सत्ता में आने के तमाम प्रयास कर रहे हैं।



आजादी के अमृतकाल के पहले लोकसभा चुनाव की आहट अब साफ–साफ सुनाई दे रही है। भारत के सभी राजनीतिक दल अब पूरी तरह चुनावी मुद्रा में आ गये हैं और प्रत्येक प्रमुख राजनैतिक दल इसी के अनुरूप बिछ रही चुनावी बिसात में अपनी गोटियां सजाने में लगे दिखाई पड़ने लगे हैं। 2024 लोकसभा एवं इसी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है, वह पहली बार देखने को मिल रहा है की चुनाव के इतने लम्बे समय पूर्व ही चुनाव जैसी तैयारियां होती हुई दिख रही है। टुकड़े–टुकड़े बिखरे कुछ दल फेवीकॉल लगाकर एक हो रहे हैं। विरोधी विचारधारा के दलों के साथ ग्रुप फोटो खिंचा रहे हैं। सत्ता तक पहुँचने के लिए कुछ दल परिवर्तन को आकर्षण व आवश्यकता बता रहे हैं। कुछ प्रमुख दलों के नेता स्वयं को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर देख रहे हैं। मतदाता जहां ज्यादा जागरूक हुआ है, वहां राजनीतिज्ञ भी ज्यादा समझदार एवं चालाक हुए हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले–सफेद मोहरें बिछाने शुरु कर दिये हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ प्रतीत करेगा। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जाएगा देश की डेढ़ अरब जनता को आजादी के अमृतकाल में। सभी नंगे खड़े हैं, मतदाता किसको कपड़े पहनाएगा, यह एक दिन के राजा पर निर्भर करता है। सभी इस एक दिन के राजा को लुभाने में जुटे हैं। कोई मुफ्तखोरी की राजनीति का सहारा लेकर चुनाव जीतने की कोशिश करने में जुटा है तो कोई गठबंधन को आधार बनाकर चुनाव जीतने के सपने देख रहा है।

विपक्षी दल येन–केन–प्रकारेण भाजपा को सत्ता से बाहर करने में जुटे हैं, इसके लिये विपक्षी दलों में एकजुटता के प्रयास हो रहे हैं। भाजपा एवं उसके सहयोगी दल भी अपनी स्थिति को मजबूती देते हुए पुनः सत्ता में आने के तमाम प्रयास कर रहे हैं। इसके लिये एनडीए ने भी नए साथियों की तलाश तेज कर दी है। केंद्रीय गृहमंत्री और पूर्व बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह की हाल में हुई तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश की यात्रा से इसके पक्के संकेत मिले। भाजपा लंबे समय से दक्षिण भारत में अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिश कर रही है। 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भी उसने इस सिलसिले में तैयारियां शुरू कर दी हैं। उत्तर भारत में वह पिछले लोकसभा चुनाव में जितना चमत्कारी प्रदर्शन किया गया कि इस बार उसे दोहराना उसके लिये जटिल प्रतीत हो रहा है। इसलिए अगर उसे फिर से बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में आना है तो दक्षिण में सीटें बढ़ानी होंगी। इससे उत्तर भारत में सीटों की संख्या में संभावित कमी की भरपाई हो जाएगी। भाजपा इस योजना पर पूर्ण आत्मविश्वास एवं प्रखरता के साथ बढ़ भी रही थी, लेकिन कर्नाटक विधानसभा चुनावों से उसे झटका लगा। इसके बाद से कहा जा रहा है कि भाजपा पहले जितनी ताकतवर नहीं रही। लेकिन भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह अपनी हार के कारणों को बड़ी गहराई से लेते हुए उन कारणों को समझने एवं हार को जीत में बदलने के गणित को बिठाने में माहिर है।

आम चुनाव की सरगर्मियां उग्रता पर है, इस बार का चुनाव काफी दिलचस्प एवं चुनौतीपूर्ण होने वाला है। कांग्रेस ने कर्नाटक की जीत को आम चुनाव की जीत से जोड़ने की जल्दबाजी दिखाना शुरु कर दिया है। जिस तरह हिमाचल एवं कर्नाटक में उसने मुफ्तखोरी की राजनीति का सहारा लिया, उसे वह इसी वर्ष होने वाले विभिन्न राज्यों के विधानसभा एवं वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में दोहराने को तत्पर है। इसका ताजा प्रमाण है जबलपुर में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की यह घोषणा कि यदि राज्य में उनकी सरकार बनी तो सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी, रसोई गैस सिलेंडर पांच सौ रुपये में दिया जाएगा और महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा उन्होंने किसानों का कर्ज माफ करने और पुरानी पेंशन योजना लागू करने का भी वादा किया। उन्होंने इसे पांच गारंटी की संज्ञा दी। कुछ इसी तरह की गारंटियां कर्नाटक एवं हिमाचल में दी गयी थी, उन्हें पूरा करने के लिए दोनों ही प्रांतों की चुनी सरकारों को एड़ी–चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है, क्योंकि राज्य की वित्तीय स्थिति उन्हें पूरा करने की अनुमति नहीं देती। जैसी गारंटियां, लोकलुभावन वादे एवं मुक्त की रेवड़ियां कांग्रेस देने की बात कर रही है, वैसी ही अन्य दल भी कर रहे हैं, जिनमें आम आदमी पार्टी का सर्व–सर्वा है। क्योंकि अभी हाल में दिल्ली नगर निगम चुनाव में उसने दस गारंटियां दी थीं। ये गारंटियां और कुछ नहीं लोकलुभावन वादे ही होते हैं, जिन्हें जनकल्याण का नाम दिया जा रहा है। मध्य प्रदेश में मुख्यमन्त्री शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव से छह महीने पहले ही लोक कल्याणकारी योजनाओं की झड़ी लगा रखी है जिससे राज्य का चुनावी माहौल और गर्मा रहा है।

किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम–दाम–दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि "अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।श

लोकसभा चुनाव केवल दलों के भाग्य का ही निर्णय नहीं करेगा, बल्कि उद्योग, व्यापार, रक्षा आदि राष्ट्रीय नीतियों, राष्ट्रीय एकता, स्व–संस्कृति, स्व–पहचान तथा राष्ट्र की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। वैसे तो हर चुनाव में वर्ग जाति का आधार रहता है, पर इस बार वर्ग, जाति, धर्म व क्षेत्रीयता व्यापक रूप से उभर कर आती हुई दिखाई दे रही है। और दलों के आधार पर गठबंधन भी एक प्रदेश में और दूसरे प्रदेश में बदले हुए हैं। एक प्रांत में सहयोगी वही दूसरे प्रांत में विरोधी है। कुर्सी ने सिद्धांत और स्वार्थ के बीच की भेद–रेखा को मिटा दिया गया है। चुनावों का नतीजा अभी लोगों के दिमागों में है। मतपेटियां क्या राज खोलेंगी, यह समय के गर्भ में है। पर एक संदेश इस चुनाव से मिलेगा कि अधिकार प्राप्त एक ही व्यक्ति अगर ठान ले तो अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार, महंगाई, गरीबी आदि समस्याओं पर नकेल डाली जा सकती है। लेकिन देश बनाने एवं विकास की ओर अग्रसर करने की बजाय सभी दल मुक्त रेवडियां बांट कर एक अकर्मण्य पीढ़ी को गढ़ने की कुचेष्टा कर रहे हैं, कई बार तो ऐसी घोषणाएं भी कर दी जाती हैं, जिन्हें पूरा करना संभव नहीं होता। उन्हें या तो आधे–अधूरे ढंग से पूरा किया जाता है या देर से अथवा उनके लिए धन का प्रबंध जनता के पैसों से ही किया जाता है। उदाहरणस्वरूप कर्नाटक सरकार ने दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने के वादे को पूरा करने के लिए बिजली महंगी कर दी। इसी तरह पंजाब सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर वैट बढ़ा दिया। चुनाव जीतने के लिए वित्तीय स्थिति की अनदेखी कर लोकलुभावन वादे करना अर्थव्यवस्था के साथ खुला खिलवाड़ है। इस पर रोक नहीं लगी तो इसके दुष्परिणाम जनता को ही भुगतने पड़ेंगे। जो चुनाव सशक्त एवं आदर्श शासक नायक के चयन का माध्यम होता है, उससे अगर नकारा, ठग एवं अलोकतांत्रिक नेताओं का चयन होता है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं देश की विडम्बना है।

# एआई के बढ़ते प्रयोग से समुचित नियामक बनाने को गम्भीर हुई सरकार

कमलेश पांडे

उल्लेखनीय है कि 85 करोड़ भारतीय इंटरनेट का उपयोग करते हैं, जिनके 2025 तक 120 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में उनके निजता को खतरा पहुंचाने और सुरक्षा के डर को लेकर सरकार सतर्क है।देश–दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के बढ़ते प्रयोग से उतपन्न होने वाली कतिपय व्यक्तिगत और सांस्थानिक चुनौतियों से जुझने के लिए केंद्र सरकार अब सतर्क हो चुकी है। वह इस बारे में शीघ्र ही समुचित नियामक बनाने की तैयारी कर रही है, ताकि एआई से जुड़ी दो बड़ी चुनौतियों– निजता को खतरा और सुरक्षा के डर का कुशलता पूर्वक सामना किया जा सके।केंद्र सरकार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को नियंत्रित करने के लिए कुछ खास नियम कायदे बनाने की पहल की है। इस बारे में बताते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने कहा कि सरकार जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई के नियंत्रित इस्तेमाल को लेकर नए नियम लाएगी, जिससे सरकार एआई को रेगुलेट कर सकेगी। उन्होंने कहा, सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए नियम बनाएगी कि यह डिजिटल नागरिकों को नुकसान न पहुंचाए। इस हेतु डिजिटल इंडिया बिल पर हितधारकों के साथ विचार विमर्श इसी माह यानी जून 2023 में शुरू होगा। वहीं, नया पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन बिल भी जल्द ही संसद में पेश होगा। यानी शीतकालीन सत्र में इसके पेश होने के आसार प्रबल हैं।केंद्रीय राज्यमंत्री ने ठीक ही कहा है कि इंटरनेट पर विषाक्तता और अपराधों में काफी वृद्धि हुई है। लेकिन सरकार डिजिटल नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के प्रयासों को सफल नहीं होने देगी। वहीं, उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि फिलहाल एआई से नौकरियों पर कोई खतरा नहीं है। एआई कामकाज को बेहतर बनाने के लिए है, पर ऐसी स्थिति से निपटने में सक्षम नहीं है जहां तर्क और बुद्धिमत्ता की आवश्यकता हो। उल्लेखनीय है कि 85 करोड़ भारतीय इंटरनेट का उपयोग करते हैं, जिनके 2025 तक 120 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में उनके निजता को खतरा पहुंचाने और सुरक्षा के डर को लेकर सरकार सतर्क है। इस बारे में वह अपने वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के नियम–कानून पर भी गौर कर रही है, ताकि भारतीय नियम–कानूनों में कोई कमी नहीं रह जाए।उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व बग के कारण चौटजीपीटी की सर्च हिस्ट्री लीक हुई थी, जिसे निजता को खतरा के रूप में लिया जा रहा है और समझा जाता है कि ऐसा खतरा आगे भी बना रहेगा। वहीं, एआई के जानकार बताते हैं कि अभी एआई को दी जाने वाली कमांड फिक्स हैं, लेकिन आगे मानव रहित एआई आधारित रक्षा उपकरणों में गड़बड़ी हुई तो यह नई चुनौती होगी, जिससे पार पाने में यदि थोड़ी सी भी मुश्किल आई तो सुरक्षा का डर बना रहेगा। यही वजह है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर सरकार गम्भीर हो गई है। वहीं, एआई के दृष्टिगत जहां अमेरिका में मौजूदा कानूनों का उपयोग किया जा रहा है तथा इसे और भी सख्त बनाने की योजना है। वहीं, चीन में एआई के बारे में मसौदा तैयार हो रहा है। उसने एआई मॉडल निर्माण में उद्यमों का समर्थन करने की बात कही है। इधर, ब्रिटेन में एआई प्राधिकरण नया दिशानिर्देश तैयार करेगा और उपभोक्ताओं तथा व्यवसायों पर इसके प्रभाव की जल्द जांच करेगा। उधर, इजरायल ने एआई नीति पर मसौदा प्रकाशित किया और विभागों से जानकारी मांगी गई है। वहीं, इटली एआई प्लेटफॉर्म की समीक्षा करने और विशेषज्ञ नियुक्ति की योजना बनाई गई है।एक अध्ययन से पता चला है कि एआई पर दुनिया का भरोसा बढ़ा है।

